Title: Request to give directions to the Central Government to accept the demands of Central Secretariat Employees agitating for years.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : उपाध्यक्ष महोदय, देशभर में आन्दोलन का वातावरण हो गया है। पिछले चार महीनों से सैंट्रल सैक्रटरिएट सर्विसेज के लोग आन्दोलन कर रहे हैं। नार्थ ब्लाक सचिवालय के प्रांगण में भूख हड़ताल कर रहे हैं। पिछले 18 वर्षों से उन लोगों को कोई प्रोमोशन नहीं दिया गया है जबकि ग्रासरूट का सारा काम वे लोग करते आ रहे हैं। गृह मंत्रालय की स्थायी समिति ने इस मामले की पूरी छानबीन की है। इसमें पक्ष-विपक्ष के लोगों की सुनवाई करने के बाद यह अनुशंसा की है कि उन लोगों को प्रोमोशन देना चाहिये तथा पदस्थापन करके उनके साथ न्याय किया जाना चाहिये लेकिन सरकार संवेदनहीन है और स्थायी समिति की अनुशंसा की अवहेलना कर रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि संसदीय गरिमा की रक्षा की जाये और सैंट्रल सैक्रटरियट सर्विसेज के आफिसर्स और कर्मचारी आन्दोलन पर हैं, जिन्हें पिछले 18 वर्षों से पदोन्नति नहीं मिली है, को अविलम्ब पदोन्नत किया जाये। लाल फीताशाही इन आफिसरों के साथ हेरा-फेरी कर रही है जो स्थायी समिति की अनुशंसा को लागू नहीं करना चाह रहे हैं। उपाध्यक्ष महोदय, आपसे प्रार्थना है कि सरकार को दिशा-निर्देश दिया जाये कि स्थायी समिति की अनुशंसा को लागू करे और उन लोगों को प्रोमोशन दिया जाये। इस के साथ यह भी अपील और प्रार्थना कर रहा हूं कि आगे लड़ाई और संघर्ष के लिये हम लोग तैयार हैं क्योंकि बगैर लड़ाई के कोई दूसरा रास्ता नहीं है।